Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ

वर्ष-३० अंक-२१ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१ - १५ नवम्बर २०२१ पृष्ठ ०८ मूल्य:१० रु.मात्र (रंगीन सहित)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ३१ अक्टूबर, २०२१ को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए।

## सरदार पटेल सिर्फ इतिहास में ही नहीं हैं, बल्कि हर देशवासी के हृदय में हैं : प्रधानमंत्री मोदी

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने एक भारत श्रेष्ठ भारत के आदर्श के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले सरदार पटेल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल सिर्फ इतिहास में ही नहीं हैं, बल्कि हर देशवासी के हृदय में हैं और जो लोग उनके एकता के संदेश को आगे ले जा रहे हैं, वे एकता की अटूट भावना के सच्चे प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि देश के कोने-कोने में राष्ट्रीय एकता परेड और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर होने वाले कार्यक्रम उसी भावना को प्रदर्शित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत सिर्फ भौगोलिक रूप से ही एक नही है, बल्कि यह आदर्शों, विचारों, सभ्यता एवं संस्कृति के उदार मानकों से परिपूर्ण एक राष्ट्र है। प्रधानमंत्री ने कहा, "धरती का भू-भाग, जहां १३० करोड़ भारतीय रहते हैं, वो हमारी आत्मा, हमारे सपनों और हमारी आकांक्षाओं का अभिन्न हिस्सा है। पिछले सात वर्षों के दौरान देश को मजबूत करने के लिए उठाए गए कदमों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि देश ने अनावश्यक पुराने कानूनों से छुटकारा पाया है, एकता के आदर्शों को मजबूत किया है और सांस्कृतिक दूरियां घटाई हैं।

## सरदार पटेल जयंती पर सचिव रेलवे बोर्ड में ने किया प्रदर्शनी का उद्घाटन



रेलवे बोर्ड के सचिव आर.एन. सिंह रविवार दिनांक ३१-१०-२०२१ को राष्ट्रीय रेल संग्रहालय, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। राष्ट्रीय एकता दिवस-लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय रेल संग्रहालय ने दिनांक ३१.१०.२०२१ को एक प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस प्रदर्शनी में सरदार पटेल के जीवन से संबंधित प्रमुख घटनाओं से जुड़ी तस्वीरें प्रदर्शित की गईं। यह प्रदर्शनी १४ नवंबर तक चलेगी। फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन रेलवे बोर्ड के सचिव आर.एन. सिंह द्वारा किया गया। सिंह ने प्रदर्शनी में दर्शाई गई सरदार पटेल के जीवन की विभिन्न घटनाओं से संबंधित तस्वीरें देखीं। इस अवसर पर सेंटर फॉर कल्चरल रिसोर्सेज एंड ट्रेनिंग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक, धरोहर श्रीमती विनीता श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के आयोजकों को बधाई दी और कहा कि सरदार वल्लभभा पटेल ने देश को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी तथा रेलवे अब देश की एकता को बनाए रखने में योगदान दे रहा है।

## उत्तर मध्य रेलवे में क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता एवं परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में ज़ोन की ०६वीं क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता एवं परामर्शदात्री समिति की प्रथम बैठक दिनांक ०१.११.२०२१ को सम्पन्न हुआ। इस बैठक में सांसद सहित ज़ोन की क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता एवं परामर्शदात्री समिति के २१ सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने कहा कि, "कोविड-१६ वैश्विक महामारी से सम्पूर्ण विश्व ग्रसित था पर इस त्रासदी में भी उत्तर मध्य रेलवे द्वारा केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के कोविड गाइड लाइन का पालन करते हुये रेल कर्मचारियो द्वारा अपनी जान की परवाह न करते हुए भी रेल यात्रियो को यथा संभव सुविधाए प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि, जिस वक्त सामान्य यात्रियो के लिए सभी गड़िया बंद कर दी गई थी उस वक्त श्रमिकों तथा किसानो को उनके गंतव्य तक पहुचाने के लिए उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल द्वारा १२८३ श्रमिक स्पेशल गाड़ियों का संचालन किया गया जिसमें लगभग १३ लाख यात्रियों को खान–पान की सुविधाये प्रदान की गई। बैठक में एजेंडा विषयों पर चर्चा करते हुए सांसद हाथरस राजवीर सिंह दिलेर ने हाथरस जंक्शन पर ट्रेनों का ठहराव बहाल करने की मांग की। इस अवसर पर क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता एवं



परामर्शदात्री समिति के सदस्य ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव, श्याम मोहन दूबे, रंजन उपाध्याय, राम नरेश तिवारी पिंडीवासा, विजय अरोरा, ज्ञानेश्वर शुक्ला, महेंद्र कुमार बिंद, नरेंद्र त्रिपाठी, जगदीश सिंह यादव, प्रदी चंद्र चतुर्वेदी, राघवेंद्र प्रताप सिंह, शुश्री प्रीती पांडेय, संगीता सरोज, रवि प्रकाश बाजपेई, राजन पाठक, पदुम नारायण जायसवाल, विजय कुमार मिश्र, शिव शंकर सिंह सहित उत्तर मध्य रेलवे के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# भ्रष्टाचार के समाधान के लिए शिक्षा प्रणाली को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता : न्यायमूर्ति रण विजय सिंह




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आयोजनों के तहत दिनांक ०१.११.२०२१ को ''स्वतंत्र भारत / ७५ % सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता विषय पर एक सतर्कता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में मुख्य अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश रणविजय सिंह जी थे एवं संगोष्ठी की अध्यक्षता महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रमोद कुमार ने की। न्यायाधीश रणविजय सिंह एवं महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रमोद कुमार का इस सेमिनार में आगमन पर मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे नवीन कुमार ने स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने कहा कि, सत्यनिष्ठा और नैतिकता ऐसे मूल्य हैं जिनके बिना कोई भी राष्ट्र महान और समृद्ध बनने की आशा नहीं कर सकता। केवल नियमों और विनियमों के निर्माण से भ्रष्टाचार को समाप्त नहीं किया जा सकता है। इसके लिए यह आवश्यक है कि सत्यनिष्ठा और नैतिकता हमारे सभी कार्यों का आधार हो- चाहे वह सांगठनिक स्तर पर हो या व्यक्तिगत स्तर पर। उन्होंने आगे कहाकि, स्वतंत्रता के ७५ वर्ष पूरे होने पर, इस वर्ष की थीम हम सभी को - विशेष रूप से युवा पीढ़ी को - ईमानदारी और नैतिक आचरण के पथ पर खुद को अग्रसर होने के लिए प्रेरक सिद्ध होगी। भारतीय रेल के संबंध में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि, भारत में कोई भी सार्वजनिक या निजी क्षेत्र का संगठन सुनिश्चित सेवा के मामले में भारतीय रेलवे का कोई मेल नहीं है, यह दिन में २४ घंटे और साल में ३६५ दिन सेवा प्रदान करती है। भारतीय रेल हमारे लोगों के जीवन के साथ इतनी अटूट रूप से जुड़ी है कि एक आधुनिक भारतीय रेल प्रणाली के बिना आत्मनिर्भर भारत की कल्पना असंभव है। रेल द्वारा -ऑफिस, टेंडरिंग,नीलामी आदि प्रोद्योगिकी आधारित पहल पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम हैं। सतर्कता जागरूकता सप्ताह, २०२१ के अवसर पर, रेल कर्मियों को संकल्प लेने का आह्वान किया कि वो अपने सारे निर्णय केवल राष्ट्र, रेल और इसके उपयोगकर्ताओं के हित को ध्यान में रख कर किये जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि न्यायाधीश रणविजय सिंह ने आत्मनिर्भरता और सत्यनिष्ठा के महत्व को रेखांकित किया। न्यायमूर्ति सिंह ने कहा कि ये मूल्य प्राचीन काल से भारतीय संस्कृति में समाहित हैं। उन्होंने कहा कि, समय के साथ सामाजिक मूल्यों में गिरावट आई है। इसे पुनर्जिवित करने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि ने शिक्षा सुधारों पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा प्रणाली में खामियां नैतिक मूल्यों में गिरावट का कारण बन रही हैं और "मूल्यों की पुनर्स्थापना समय की पुकार है"। सत्यनिष्ठा पर बोलते हुए न्यायधीश ने महर्षि दधीच का उदाहरण दिया। इस संगोष्ठी में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे नवीन कुमार ने ''स्वातंत्र भारत / ७५ % सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता विषय पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण किया। इस प्रस्तुतिकरण के दौरान उन्होंने विभागीय कार्यों के दौरान सतर्कता के पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान मुख्य सतर्कता अधिकारी/इंजीनियरिंग श्री देवेंद्र सिंह ने भी अपने विचार रखे। सेमीनार का संचालन उप मुख्य सतर्कता अधिकारी/ट्रैफिक ब्रिजेश मिश्र ने किया। इस अवसर पर सतर्कता जागरूकता पत्रिका "जागृति" का विमोचन किया गया। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उप मुख्य सतर्कता अधिकारी/ भंडार अंकुर चंद्रा ने जागृति पत्रिका के बारे में भी बताया और कहा कि इस पत्रिका में प्रणाली सुधार, पुराने केसों आदि के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई है और आशा व्यक्त की कि, यह पत्रिका और पूरे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित कार्यक्रमो से उपजे विमर्श से रेल कर्मियों के मध्य सतर्कता के विषय में व्यापक जानकारी प्रसारित हुई होगी। इस संगोष्ठी में सतर्कता विभाग के उप मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय साहनी, एवं धर्मेंद्र कुमार सहित उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, अन्य अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। तीनों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक वेब लिंक के माध्यम से इस सेमिनार से जुड़े।

## आनंद विहार टर्मिनल से पटना जंक्शन तक दौड़ेगी गतिशक्ति एक्सप्रेस

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली।रेल यात्रियों की सुविधा के लिए और आगामी त्योहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए, भारतीय रेल एक विशेष ट्रेन ०१६८४/०१६८३ आनंद विहार टर्मिनल-पटना-आनंद विहार टर्मिनल गति शक्ति सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन शुरू करने जा रहा है, जिसमें २० नई ३ एसी इकोनॉमी कोच होंगे। गाड़ी संख्या ०१६८४ आनंद विहार टर्मिनल-पटना जंक्शन गतिशक्ति सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन आनंद विहार टर्मिनल से रात ११.१० बजे रवाना होगी और अगले दिन पटना जंक्शन अपराह्न ०३.४५ बजे पहुंचेगी। यह ट्रेन २६.१०.२०२१, ३१.१०.२०२१, ०२.११.२०२१, ०५.११.२०२१ और ०७.११.२०२१ को अपने निर्धारित समय पर खुलेगी। वापसी में ट्रेन संख्या ०१६८३ पटना जंक्शन-आनंद विहार टर्मिनल गतिशक्ति सुपरफास्ट विशेष ट्रेन पटना जंक्शन से ३०.१०.२०२१, ०१.११.२०२१, ०३.११.२०२१,०६.११.२०२१ और ०८.११.२०२१ को शाम ०५.४५ बजे रवाना होगी और अगले दिन सुबह ०६.५० बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। ट्रेन कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. और दानापुर स्टेशन होते हुए जाएगी।

## ऑल इंडिया खेल प्रतियोगिता में पदक जीत कर रेल सुरक्षा बल ने किया गौरवान्वित



रे.स.ब्यू./सूत्र.बिलासपुर। पूर्व तटीय रेलवे के संबलपुर मंडल में आयोजित ऑल रेल सुरक्षा बल बॉडी बिल्डिंग चैम्पीयनशिप प्रतियोगिता मे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के दो प्रतिभागियों द्वारा ५५-६० किलोग्राम वर्ग में आरक्षक प्रवीण कुमार, रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट अनुपपुर (बिलासपुर मंडल) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया एंव आरक्षक अंकित, मोतीबाग, सेटलमेंट पोस्ट नागपुर (नागपुर मंडल) ने ६५-७० किलोग्राम वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक प्राप्त किया। दिनांक २०.१०.२०२१ से २३.१०. २०२१ तक मध्य रेलवे, मुम्बई में आयोजित २८ वां ऑल इंडिया रेल सुरक्षा बल एथलेटिक्स में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रतिभागी आरक्षक अर्जुन सिह ने दो खेलों में भाग लिया जिसमें गोला फेंक प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर कास्य पदक एंव चक्का फेंक मे द्वितीय स्थान पाकर रजक पदक जीता। तीनों प्रतिभागियों ने ऑल इंडिया खेल प्रतियोगिता में पदक जीत कर रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को गौरवान्वित किया। महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, ने विजेताओं को बधाई देते व्यक्तिगत पुरस्कार से पुरस्कृत किया।

## नगर राजभाषा समिति के तत्वावधान में काव्य पाठ प्रतियोगिता हुई संपन्न

रे.स.ब्यू./सूत्र.बिलासपुर। नगर राजभाषा कार्यान्वतयन समिति, बिलासपुर के तत्वावधान में बिलासपुर स्थित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए प्रथम पाली मे दिनांक २८ अक्टूम्बर, २०२१ को हिंदी काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में सी. एम.पी.डी.आई. के हेमंत कुमार राठौर ,सी.आई.एस.एफ. से सरोज कुमार त्रिपाठी, रेलवे से आर.के. श्रीवास, लेखा परीक्षा से अभिषेक रंजन चुन्नू एवं निशांत कुमार, बैंक ऑफ बड़ौदा से अनुपम अग्रवाल, भारतीय स्टेचट बैंक से श्रुति पांडेय एवं अर्पिता प्रकाश, पंजाब नेशनल बैंक से विवेक कुमार, डाक विभाग से पालेश्वअर साहू, रमित सिन्हार एवं निवेदिता शुक्ला, एनटीपीस से मणिशंकर दुबे, रश्मि क्षत्रीय, ने प्रतियोगिता में अपनी कवताएं सुनाई। वाक् प्रतियोगिता का आयोजन ऑनलाइन गूगल मीट से किया गया। आलेखन टिप्पण में रोजमर्रा के सरकारी में प्रयोग किये जाने वाले वाक्यांश एवं शब्द तथा राजभाषा नियम एवं राजभाषा हिंदी को क्रियान्वित करने के लिए किये जा रहे प्रयासों के बारे में सवाल रखा गया। उपर्युक्त कार्यक्रमों में साकेत रंजन, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी एवं वरिष्ठ साहित्यकार द्वारका दास वैष्णव ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में समन्वएय विक्रम सिंह, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी ने की तथा प्रबंधन में पी.एल.जाटवर, पी.के. गवेल एवं सावन सिंह कंवर रहे। निर्णायक के रूप में अपने विचार व्याक्तत करते हुए साकेत रंजन, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने कहा कि सभी कहानियो के अंतर्गत की भावनाओ से ओत प्रोत है। सभी में मानव मन की कोमलतम भावनाओ का सुंदर समायोजन है, जिससे यह कहानी प्रतियोगिता न रह कर भावनाओ का सुंदरतम संसार बन गया।

# कोर मे सतर्कता जागरूकता सप्ताह-२०२१ का आयोजन



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज द्वारा दिनांक २६ अक्टूबर से ०१ नवम्बर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत महाप्रबंधक यशपाल सिह, द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलाकर हुई। इस दौरान सतर्कता के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से वाक, निबंध, कार्टून एवं स्लोगन तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के साथ-साथ एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया। इस उपलक्ष्य में दिनांक ०१.११.२०२१ को एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें महाप्रबंधक द्वारा सतर्कता बुलेटिन'-दृष्टि का अनावरण किया गया। तत्पश्चात सतर्कता सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये। संगोष्ठी में महाप्रबंधक तथा सभी विभागाध्यक्षों ने अपने विचार प्रस्तुत किये।

# गुवाहाटी के कामाख्या स्टेशन तक बिजली से चलने वाली पहली यात्री ट्रेन बनी ब्रह्मपुत्र मेल

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। हरित परिवहन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, पूरी तरह से बिजली से चलने वाली पहली यात्री ट्रेन दिनांक २८ अक्टूबर, २०२१ को कामाख्या स्टेशन पर पहुंची। ट्रेन नंबर ०५६५६ स्पेशल दिल्ली-कामाख्या (ब्रह्मपुत्र) मेल, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से रवाना होकर दोपहर बाद १३-३० बजे गुवाहाटी के कामाख्या स्टेशन पर पहुंची। इस दौरान बिजली चलित ट्रैक पर २००० किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर यह ट्रेन कामाख्या पहुंची। इसी तरह वापसी में ट्रेन संख्या ०५६५५ स्पेशल कामाख्या-दिल्ली (ब्रह्मपुत्र) मेल, कामाख्या स्टेशन से दोपहर बाद १४.३० बजे बिजली के ट्रैक पर चलकर दिल्ली के लिए रवाना हुई। एक दिन पहले बिजली से चलने वाली पार्सल ट्रेन के सफल संचालन के बाद यह ट्रेन गुवाहाटी के कामाख्या स्टेशन तक बिजली से चलने वाली पहली मेल/एक्सप्रेस ट्रेन बन गई थी। इस प्रकार, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे में एक नए युग की शुरुआत हुई है। इससे पहले २१ अक्टूबर, २०२१ को पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने कामाख्या स्टेशन तक विद्युत कर्षण पर अपनी पहली पार्सल ट्रेन चलाई और पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे तथापूर्वोत्तार क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण हासिल किया। कामाख्या स्टेशन तक रेलवे के विद्युतीकरण कार्यों को पूरा करने और सीआरएस/ पूर्वोत्तर सीमांत क्षेत्र द्वारा प्रदान किए गए प्राधिकरण के सफल होने के बाद ७ से ९ अक्टूबर तक निरीक्षण के बाद न्यू कूचबिहार से कामाख्या खंड को बिजली से चलने वाली ट्रेन के संचालन के लिए खोल दिया गया।

इसके साथ ही पूर्वोत्तर रेलवे के अंतर्गत कुल ७६० किलोमीटर मार्ग /१७०१ ट्रैक किलोमीटर का विद्युतीकरण किया जा चुका है। अब तक, कटिहार और मालदा से न्यू कूचबिहार तक बिजली से चलने वाले इंजन की ट्रेनें आ रही थीं, जहां ट्रेन से बिजली से चलने वाले इंजन को अलग किया जा रहा था और आगे की यात्रा के लिए डीजल इंजन को जोड़ा जा रहा था। अब रेलवे के विद्युतीकरण कार्य पूरा होने और कामाख्या तक रेल खंड के चालू होने के साथ, ये ट्रेनें बिना इंजन बदले सीधे कामाख्या तक आएंगी। अब, नई दिल्ली से कामाख्या के लिए बिजली से चलने वाली ट्रेन के इंजन को बीच में बदले बिना ही सीधी कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी।

यहाँ पर, यह ध्यान देने योग्य है कि बिजली से चलने वाली ट्रेन के कई एक दूसरे से सम्बद्ध लाभ हैं, जैसे उच्च गति क्षमता, तेज ट्रेनों को सक्षम करना, समय और ऊर्जा की बचत, उच्च शक्ति से वजन अनुपात के साथ ऊर्जा दक्षता में वृद्धि, उन्नत ब्रेकिंग तकनीक, उच्च हॉर्स पावर के साथ उच्च क्षमता वाले इंजन, विश्वसनीयता और लाइन क्षमता में सुधार, परिवहन का प्रदूषण मुक्त तरीका, कम रख-रखाव और परिचालन लागत के कारण लागत प्रभावी आदि लाभ शामिल हैं।

# मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर ने पकड़ी रफ्तार

पत्र.सू.का/नई दिल्ली। एनएचएसआरसीएल के मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के लिए गुजरात के नवसारी कास्टिंग यार्ड में ४० मीटर स्पैन के एक और फुल स्पैन प्री-स्ट्रेस्ड कंक्रीट बॉक्स गर्डर की कास्टिंग का रेल एवं कपड़ा राज्य मंत्री दर्शना जरदोश ने शुभारभ किया। पिछले महीने, २८ अक्टूबर को गुजरात के आणंद में कास्टिंग यार्ड में पहले फुल स्पैन गर्डर की कास्टिंग की गई थी।

इस अवसर पर दर्शना जरदोश ने एनएचएसआरसीएल व एल&टी को बधाई देते हुए कहाँ, "जब देश कोरोना से झूझ रहा था तब भी एनएचएस-आरसीएल और एल&टी ने कोरोना सम्बंधित सुरक्षा अपनाते हुए ज़ोर शोर से काम जारी रखा तथा इस प्रोजेक्ट को आज इस मुकाम तक पहुंचाया"।

उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रोजेक्ट पर काम बहुत तेज़ी से चल रहा है और जल्दी ही यह इंफ्रास्ट्रक्चर दिखाई देने लगेगा। ४० मीटर स्पैन का पीएससी बॉक्स गर्डर का वजन लगभग ९७० मीट्रिक टन है, जो भारत के निर्माण उद्योग में सबसे भारी पीएससी बॉक्स गर्डर होगा। ४० मीटर स्पैन गर्डर को सिंगल पीस के रूप में कास्ट किया जा रहा है यानी बिना किसी निर्माण जोड़ के, जिसमें ३९० घन मीटर कंक्रीट और ४२ मीट्रिक टन स्टील शामिल है। वायडक्ट के निर्माण में तेजी लाने के लिए, सबस्ट्रक्चर और सुपरस्ट्रक्चर का निर्माण समानांतर में किया गया है। सबस्ट्रक्चर यानी पाइल, पाइल कैप, पियर और पियर कैप का काम प्रगति पर है, सुपरस्ट्रक्चर के लिए, फुल स्पैन गर्डर्स और सेगमेंटल गर्डर्स को कास्ट करने के लिए संरेखण के साथ कास्टिंग यार्ड विकसित किया गया है ताकि उन्हें कास्ट पियर कैप्स पर भारी मशीनियों का उपयोग करके लॉन्च किया जा सके। सुपरस्ट्रक्चर के लिए अधिकांश गर्डर ३०,३५ और ४० मीटर लंबे पूरे स्पैन के होंगे, हालांकि, उन स्थानों के लिए जहां साइट की कमी है, प्रीकास्ट सेगमेंट के सेगमेंटल लन्चिग का उपयोग किया जाएगा। सेगमेंटल गर्डर की तुलना में फुल स्पैन गर्डर को प्राथमिकता दी जाती है क्योंकि फुल स्पैन गर्डर लन्चिंग प्रगति सेगमेंटल गर्डर लान्चिग की तुलना में सात गुना तेज होती है। गर्डरों की कास्टिंग के लिए संरेखण के साथ-साथ २३ कास्टिंग यार्ड विकसित किए जा रहे हैं। प्रत्येक कास्टिंग यार्ड आवश्यकता के अनुसार १६ से ९३ एकड़ के क्षेत्र में फैला हुआ है और हाई-स्पीड रेल एलाइनमेंट के निकट स्थित है।



गुणवत्ता के साथ गर्डरों की शीघ्र कास्टिंग के लिए, प्रत्येक कास्टिंग यार्ड में रिबर केज बनाने के लिए जिग्स, हाइड्रोलिक रूप से संचालित प्री-फैब्रिकेटेड मोल्ड्स के साथ कास्टिंग बेड, बैचिग प्लांट, एग्रीगेट स्टैकिंग एरिया, सीमेंट साइलो, गुणवत्ता प्रयोगशाला और वर्कमैन कैंप जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। फुल स्पैन प्री-कास्ट बॉक्स गर्डर्स को स्ट्रैडल कैरियर, ब्रिज लान्चिग गैन्ट्री, गर्डर ट्रांसपोर्टर और लन्चिग गैन्ट्री जैसी भारी मशीनरी का उपयोग करके लॉन्च किया जाएगा।

लन्चिग के लिए गर्डरों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बॉक्स गर्डरों की कास्टिंग अग्रिम रूप से कास्टिंग यार्ड में की जाएगी और व्यवस्थित तरीके से स्टैक की जाएगी। मुंबई-अहमदाबाद हाईस्पीड रेल प्रोजेक्ट (एमएएच- एसआर) ५०८ किमी लंबा है। ५०८ किलोमीटर में से, ३५२ किलोमीटर गुजरात राज्य (३४८ किलोमीटर) और दादर और नगर हवेली (४ किलोमीटर) में और शेष १५६ किलोमीटर महाराष्ट्र राज्य में स्थित है। मैसर्स एलएंडटी ३५२ किमी में से, ३२५ किमी लंबाई के लिए कार्यकारी एजेंसी है।

# प्रयागराज से पटना के बीच चलेगी विशेष ट्रेन



रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। यात्रियों के सुविधा को ध्यान में रखते हुए दिल्ली से पटना के बीच विशेष ट्रेन चलाई जाएगी जो प्रयागराज जंक्शन से होते हुए गुजरेगी। नई दिल्ली से ट्रेन २३ अक्तूबर से २० नवंबर के बीच प्रत्येक शनिवार, मंगलवार एवं बृहस्पतिवार को रात ११.१५ बजे चलेगी। ट्रेन अगले दिन शाम ५.३० बजे पटना पहुंचेगी। प्रयागराज में ट्रेन सुबह ६.३० बजे आएगी। पटना से ट्रेन २४ अक्तूबर से २१ नवंबर के बीच प्रत्येक रविवार, बुधवार एवं शुक्रवार को रात १०.३० बजे चलेगी और अगले दिन अपराह्न ३.१५ बजे दिल्ली पहुंचेगी। प्रयागराज जंक्शन पर ट्रेन सुबह ५.१० बजे आएगी।

## सम्पादकीय

# अब डेंगू का डंक

जहां एक ओर कोरोना के मामले कम होने लगे हैं, वहीं दूसरी ओर डेंगू के मामलों में बढ़ोतरी चिंता और दुख की बात है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत देश के अनेक राज्यों में डेंगू के मामलों ने स्वास्थ्य एजेंसियों को परेशान करना शुरू कर दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में इस साल डेंगू के १,००० से ज्यादा मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं दिल्ली सरकार ने अस्पतालों को निर्देश दिया है कि कोरोना के लिए आरक्षित बिस्तरों में से एक तिहाई बिस्तर डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के मरीजों के लिए आरक्षित कर दिया जाए। दिल्ली ही नहीं पंजाब, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, पंजाब और बिहार में भी डेंगू से चिंता बढ़ी है।

कुछ जगहों से रिकॉर्ड मामले आ रहे हैं। यह सब जानते है कि डेंगू मच्छर जनित बीमारी है, जो एडीज मच्छरों के काटने के कारण होती है। अतः सावधानी व समय पर इलाज जरूरी है। ध्यान रखना चाहिए कि इधर कुछ सप्ताह में कई डॉक्टरों की भी डेंगू से मौत हुई है। इस वर्ष डेंगू के मामलों का बढ़ना विवश कर रहा है कि इसके कारणों पर फिर से निगाह डाली जाए। मलेरिया के मामलों में हाल के वर्षों में भारी गिरावट हुई है। साल २००० से २०१६ के बीच मलेरिया के मामलों में ७१.८ फीसदी, जबकि मौतों में ७३.६ फीसदी की गिरावट आई है। शायद हमारे प्रयासों में कमी है, तभी हम ऐसी बीमारियों को भी पूरी तरह से काबू नहीं कर पा रहे हैं।

वहीं पंजाब जैसे संपन्न और साफ-सुथरे समझे जाने वाले राज्य में इस साल डेंगू से करीब ३० लोगों की मौत हो चुकी है। महाराष्ट्र भी विकसित है और दिल्ली भी विकसित है, लेकिन ऐसे राज्यों में अगर मच्छरों का आतंक कम नहीं हो रहा है, तो पिछड़े राज्यों की क्या स्थिति होगी, यह अनुमान लगाया जा सकता है।

# कोरोना काल में सेवा कार्य करने वाले स्वयं सेवी संस्थाएं हुईं सम्मानित

रे.स.ब्यू./सूत्र.चित्रकूट। कोरोना संकटकाल के दौरान जनपद के कई एनजीओ (स्वयं सेवी संस्थाएं) ने जरूरतमंदों की मदद की और वैक्सीनेशन को लेकर चलाये जा रहे जागरुकता अभियान को गति प्रदान की। इसे लेकर विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी अमित आसेरी ने इन छह संस्थाओं के पदाधिकारियों को सम्मानित किया। विकास पथ सेवा से संस्थान के प्रबंधक प्रभाकर सिंह, जनकल्याण शिक्षण प्रसार समिति के सचिव शंकर दयाल, प्रजायत्न संस्था के जिला समन्वय अमित व राहुल, इरादा फाउंडेशन के सुनील मिश्र, एजुकेट गर्ल्स संस्था, पिरामिल फाउंडेशन की प्रियंका सिंह व पं. राजधर परहित सेवा संस्थान के प्रबंधक अनुज हनुमंत की टीम को मुख्य विकास अधिकारी अमित आसेरी ने प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

# प्रयागराज मंडल में हुआ किसान रेल का संचालन



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल द्वारा आलू के परिवहन के लिए उत्तर प्रदेश के मैनपुरी से आसाम के बिहारा के बीच दूसरी बार दिनांक २६.१०.२०२१ को किसान रेल चलायी गयी। मैनपुरी स्टेशन से दिनांक २६.१०.२०२१ को यह ट्रेन १३.०० बजे आसाम के बिहारा स्टेशन के लिए रवाना हुई।

इस गाड़ी में लगभग ३६३ टन आलू की लदान की गयी जिससे रेलवे को लगभग ०८ लाख रुपये रेल राजस्व प्राप्त हुआ। किसान रेल की एक विशेषता यह है की इसमें किसानों को प्रभावी पार्सल दरों की तुलना में ५०% कम शुल्क देना पड़ेगा।

यह योजना भारत सरकार की पहल है जिसमे किसानों को फल,सब्जी, डेरी उद्पादों ,खाद्य पदार्थों की बुकिंग पर सब्सिडी के रूप में खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय द्वारा ५०% की सब्सिडी दी जा रही है।

खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय द्वारा दी जा रही ५०% की सब्सिडी के लाभ के रूप में किसानों को कुल लागत लगभग १७.६० लाख रुपये के स्थान पर लगभग रु ८ लाख का ही भुगतान करना पड़ा। इस गाड़ी में लगभग ७१८५ पैकेजों का लदान किया गया।

# डेडिकेट फ्रेट कॉरीडोर ने बनाया तीन घन्टे मे ८० मीटर लम्बा पुल



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। डेडिकटेड फ्रेट कॉरीडोर उच्च गति और उच्च क्षमता वाले विश्वस्तरीय तकनीक के अनुसार बनाया जाने वाला रेलमार्ग है। इसे विशेष तौर पर माल एवं वस्तुओं के परिवहन हेतु बनाया जा रहा है। डीएफसी मे बेहतर बुनियादी ढांचे और साथ ही अत्याधुनिक प्राधौगिकी का एकीकरण शामिल है। इसी कड़ी में दिनांक १८.१०.२०२१ को चुनार-चोपन खंड में चुनार एवं विश्वनाथपुरी स्टेशनों के मध्य किलोमीटर २४२/३२-३४ पर रेल फ्लाई ओवरसंख्या २७३ के क्रम में ८० मीटर लंबा गर्डर लांच किया गया। इस रेल ओवर रेल फ्लाई ओवर के निर्माण से उत्तर मध्य रेलवे के चुनार –चोपन रेल लाइन और डीएफसी रेल मार्ग की सर्फेस क्रसिंग से बचाव हो सकेगा और दोनों मार्गो पर निर्बाध रेल परिचालन सुनिश्चित हो सकेगा। ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरडोर पंजाब के लुधियाना से होकर पश्चिम बंगाल के दानकुनि तक निर्मित हो रहा है। वही ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेंट डोर के मार्ग में कोयला खदानें, थर्मल पॉवर प्लांट और औद्योगिक शहर मौजूद हैं। इसके मार्ग में पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार शामिल हैं। इस परियोजना का अधिकांश हिस्सा विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित हैं। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरडोर भारत के परिवहन क्षेत्र में सुधार करेगा और भारतीय रेलवे के ट्रैक मार्गो की क्षमता में बढ़ोतरी करेगा क्योंकि इस मार्ग पर मालगाड़ीयों का निर्बाध परिवहन हो सकेगा। इस डेडीकेटेड रेल मार्ग के निर्माण के उपरांत में भारतीय रेल नेटवर्क पर चलने वाली बहुत सारी माल गाड़ियां डेडिकेटेड फ्रेंट कॉरीडोर पर स्थानातरित कर दी जायेगी। इनके स्थानांतरण से खाली हुए मार्गों पर यात्री ट्रेनों के परिवहन के लिए अधिक मार्ग मिल जाएगा। डेडिकेटेड फ्रेंट कॉरडोर रेल लाइन को भारतीय रेलवे की रेल लाइनों की तुलना में अधिक भार उठाने के लिए डीज़ाइन किया गया है जो की व्यावसायिक व व्यापारिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण हैं इस नये फ्रेट रेल मार्ग से भारतीय रेलवे की मुख्य लाइनों पर अधिक गाड़ियां चलाईÃजा सकेगी जिससे भारतीय ट्रेने अधिक समयबद्ध हो सकेगी। इसमे परिवहन लागत कम हो जायेगी एवं यह उच्च ऊर्जा दक्षता के साथ माल के त्वरित परिवहन के कारण पर्यावरण के अधिक अनुकूल होगा। यह व्यापार की सुगमता प्रदान करेगा जो रोजगार सृजन मे सहायक होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरडोर के भाऊपुर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन तक के प्रोजेक्ट के चीफ जनरल मैनेजर ओमप्रकाश ने यह बताया कि यह ब्रिज ५२० टन का है जो ८० मीटर लंबा है। इसे मात्र ३ घंटे में बना के तैयार किया गया है। इस ब्रिज से होकर प्रयागराज की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं चोपन होते हुए झारखंड को जानें वाली मालगाड़ियों को गति मिलेगी। इस ब्रिज से जिन मालगाड़ियों को प्रयागराज के रास्ते पण्डित दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन की ओर से बिहार जाना हो तो वह इस ब्रिज के उपर से जाएंगी एवं जिन मालगाड़ियों को चोपन होते हुए झारखंड जाना होगा वो इस ब्रिज के नीचे से जाएंगी। इससे मालगाड़ियों को गति मिलेगी जिससे देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। इस कार्यक्रम में जी. एम. आर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव कुमार एवम परियोजना निदेशक राजसिंह टाक, सहित परियोजना प्रबंधक देवेंद्र कुमार शर्मा एवं मुख्य परियोजना प्रबंधक पूर्णा नंद झा, ए.आई.एम.एल.इके मुख्य कार्यकारी अधिकारी,दलजीत सिंह मौजूद रहे।

# Southern Railway conducts 66th Railway Week Award

**Source CPRO/SR: The 66th Railway Week award distribution of Southern Railway was held on, 21st of October 2021 at Chennai. Railway Week is celebrated all over the Indian Railway network from 10th to 16th of April every year. John Thomas, GM, Southern Railway was the Chief Guest of the function and distributed Shields to various Divisions/ Departments/ Workshops and Individual/Group Awards to officers and staff for their meritorious performance in the presence of B.G Mallya, AGM, Southern Railway. Principal Heads of Departments, Divisional Railway Managers of all the six Divisions, Dr. Bina John, President, Southern Railway Women's Head-quarters Organisation, Smt. Renuka G. Mallya, Vice President, SRWHQO, Representatives of the Labour Unions, Officers and Staffs of all 6 divisions participated in the function.**

# पूर्व मध्य रेल मुख्यालय में 'सतर्कता कार्यशाला' का आयोजित



रे.स.ब्यू./सूत्र.हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल में ''सतर्कता जागरूकता सप्ताह''का आयोजन दिनांक २६ अक्टूबर से ०१ नवंबर, २०२१ तक किया जा रहा है। महाप्रबंधक अनुपम शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया एवं लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इसके उपरांत महाप्रबंधक अनुपम शर्मा एवं वरि"ठ उपमहाप्रबंधक एस.के.मिश्रा द्वारा रेलकर्मियों के मध्य सतर्कता के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से प्रकाशित सतर्कता बुलेटिन ''सतर्कता संदेश'' के २३वें अंक का विमोचन किया गया जिसमें केस अध्ययन, प्रणालीगत सुधार पत्र तथा सतर्कता संबंधी लेखों का संग्रह है।

इस अवसर मुख्य वक्ता के रूप में रेलवे बोर्ड के पूर्व प्रमुख कार्यपालक निदेशक (सतर्कता) सुनील माथुर ने ईमानदार जीवन शैली पर सम्बोधन प्रस्तुत किया एवं भ्रष्टाचार के व्यापक कुप्रभावों पर गंभीर चर्चा की। इस अवसर पर मुख्यालय के सभी अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।महाप्रबंधक अनुपम शर्मा ने मुख्य वक्ता सुनील माथुर का धन्यवाद ज्ञापन करते हुआ कहा कि इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का थीम है- ''स्वतंत्र भारत/७५ % सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता'' जो वर्तमान में राष्ट्र की आवश्यकता को सही ढंग से प्रतिबिम्बित करता है।

# तुमकुरु तक चल सकेंगी बिजली के इंजन से रेल गाड़ियाँ

साभार कोर : भारत सरकार द्वारा ब्रॉड गेज रूटों का शत प्रतिशत विद्युतीकरण के लक्ष्य को मिशन मोड में आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज ने एक महत्वपूर्ण खण्ड यशवंतपुर-चिक्कबनवारा-तुमकुरु के विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण करने के उपरान्त दिनांक २६.१०.२०२१ को चालू कर दिया गया।



बेंगलुरु के पास चिक्कबनवारा-तुमकुरु खण्ड का विद्युतीकरण चिक्कबनवारा-हुबली (४५६ RKM) रेलवे विद्युतीकरण परियोजना का एक हिस्सा है जिसकी स्वीकृत परियोजना लागत मूल्य ८५६ करोड़ रुपये है। वर्तमान में विद्युत इंजन द्वारा गाड़ियाँ केवल यशवंतपुर तक ही चलती है। इस खण्ड के विद्युतीकृत होने से विद्युत इंजन वाली गाड़ियाँ तुमकुरु तक चल सकेंगी, जो बेंगलुरु के पास एक प्रमुख विकास'ील उपनगरीय क्षेत्र है एवं इसमें कई उद्योग स्थापित है।इस महत्वपूर्ण खण्ड के विद्युतीकृत होने से अब यशवंतपुर में गाड़ियों मे डीजल इंजन से विद्युत इंजन जैसे कर्षण परिवर्तन की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे इस प्रमुख यार्ड में अतिरिक्त इंजनों की भीड़-भाड़ कम हो जायगी। इसके फलस्वरूप यात्री गाड़ियाँ और भी समय पालन कर सकेंगी। दक्षिण पश्चिम रेलवे दैनिक यात्रियों की सुविधा के लिए इस मार्ग पर तेज मेमू ट्रेन चलाने की योजना बना रहा है, जो इस क्षेत्र में आम जनता की लम्बे समय से लम्बित मांग है।कोर के महाप्रबन्धक यशपाल सिंह, ने बेंगलुरु परियोजना की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि कोर के सभी नव प्रोजेक्ट भारतवर्ष के सभी ब्रॉडगेज रेल-मार्गो को २०२३ तक पूर्ण रूप से विद्युतीकृत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# राम को सीता से जोड़ेगी रेलवे की स्पेशल ट्रेन

रे.स.ब्यू./सूत्र।देशवासियों के लिए अच्छी खबर यह है कि अब राम को सीता से सीधे ट्रेन से जोड़ा जाएगा। जनकपुर नेपाल में होने के कारण अभी तक सीधी ब्राडगेज (बड़ी लाइन) ट्रेन के लिए रेल कनेक्टिविटी नहीं थी। नैरोगेज की ट्रेन जयनगर से जनकपुर के बीच चलती थी। राम के देश में कोने-कोने से जनकपुर जाने की चाह रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए वहां जाने की राह आसान नहीं थी। अब राम को सीता से ट्रेन के जरिए जोड़ा जाएगा।

भारत सरकार के सहयोग से जयनगर से जनकपुर के बीच ३५ किमलोमीटर बड़ी लाइन का निर्माण किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय लाइन का स्थानांतरण भारत (इरकॉन) और नेपाल की सरकार के बीच हो चुका है। अब आने वाले कुछ समय में राम की जन्मस्थली आयोध्या से सीता मां की जन्मस्थली जनकर तक सीधे ट्रेन का संचालन शुरू होगा। अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर निर्माण के बाद आने वाले श्रद्धालुओं को माता सीता की नगरी तक जाने के लिए सीधे रेल परिवहन की सुविधा मिलेगी। भारत और नेपाल दोनों देशों के लिए बड़ी उपलब्धि है कि जहां भगवान राम की नगरी से सीता मां के ऐतिहासिक स्थल जनकपुर तक सीधी ट्रेन की सुविधा मिलेगी, वहीं व्यापार, वाणिज्य गतिविधियों में इजाफा होगा। भारत के आर्थिक सहयोग से जयनगर (भारत) व कुर्था (नेपाल) सीमा पार रेल मार्ग का बीते २२ अक्टूबर को हस्तांतरण हुआ है। काठमांडू में आयोजित कार्यक्रम में भारत के राजदूत विनय मोहन तथा नेपाल की फिजिकल इन्फ्राट्रक्चर, ट्रांसपोर्ट मंत्री रेनू कुमारी यादव की मौजूदगी में भारत की ओर से भारत की निर्माण कंपनी इरकान इंटरनेशनल लिमिटेड ने नेपाल रेल कंपनी को जयनगर-कुर्था रेलखंड का हस्तांतरण किया।

नेपाल स्थित ऐतिहासिक नगर जनकपुर में पहले जयनगर से बिजलपुरा ५२ किमी का नैरोगेज रेल मार्ग था। भारत सरकार के आर्थिक सहयोग से ३४.६ किलोमीटर रेल मार्ग का अमान परिवर्तन किया गया है जो जयनगर-बरदीवास (६८.७६ किमी) का खंड है जिसकी कुल लागत ५४८ करोड़ रुपए है। अब जयनगर से कुर्था रेलखंड पर बड़ी लाइन की ट्रेनों के संचालन शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है। जयनगर के कुर्था के बीच आठ रेलवे स्टेशन है। भारत नेपाल सीमा पार में यह बड़ी लाइन का पहला रेल मार्ग है। इस रेलखंड का गति परीक्षण पहले ही ११० किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड ने बीते जुलाई सफलतापूर्वक किया था।

# राजनीतिक दलों के आंतरिक चुनाव की निगरानी पर जवाब तलब

रे.स.ब्यू./सूत्र। सभी राजनीतिक दलों के आंतरिक चुनाव की निगरानी को लेकर नियामक बनाने की मांग पर हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग से जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल व न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ ने आयोग से इस मुद्दे पर अगली सुनवाई से पहले जवाब दाखिल करने को कहते हुए सुनवाई २३ दिसम्बर के लिए स्थगित कर दी है। याचिकाकर्ता ने कहा है कि अन्य निजी संगठन व संस्थानों के विपरीत राजनीतिक दलों में आंतरिक लोकतंत्र का घोर अभाव है। इसका काफी बड़ा असर देश के शासन पर क्योंकि जब वे राजनीतिक दल सत्ता में आते हैं तो उनमें पारदर्शिता व आंतरिक लोकतंत्र का अभाव होता है।

यह उनके गैर लोकतांत्रिक शासन मॉडल में भी प्रतिबिंबित होता है। उसने यह भी कहा कि आयोग ने वर्ष १९९९ में सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के साथ-साथ पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त दलों को एक पत्र जारी कर अपने संगठन के चुनाव संबंधी प्रावधानों का पालन नहीं करने की बात कही थी। आयोग ने सभी दलों से लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव कराने एवं अपने संविधान का पालन करने को कहा था। इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है।

# रेल कर्मियों को किया जागरूक

रे.स.ब्यू./सूत्र। प्रयागराज मंडल में लगभग २२० से अधिक ट्रेनें १३० किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार पर चल रही हैं। भारतीय रेलवे के किसी भी अन्य मंडल में १३० किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार से चलने वाली ट्रेनों की संख्या से कहीं अधिक है। संरक्षित रेल परिचालन के दृष्टिगत प्रयागराज मण्डल के संरक्षा विभाग द्वारा निरंतर संरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जाता है। इस कड़ी में दिनांक ०४.१०.२०२१ को लॉबी प्रयागराज के लोको पायलट क्लास रूम में लगभग १७ कर्मचारियों को। **All Right Signal** का महत्व एवं न मिलने पर कार्यवाही,जर्क मिलने लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही,**Engine-Train** में आग लगने पर कार्यवाही,शंटिग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां एवं कॉशन का पालन एवं दुर्घटना होने पर लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही पर जागरूक किया गया।

## शिक्षा विभाग युवाओं में जागरूकता फैलाने का सशक्त माध्यम:मुख्य निर्वाचन अधिकारी

रे.स.ब्यू./सूत्र। राजधानी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) डॉ रणबीर सिंह ने कहा है कि युवाओं में जागरूकता पैदा करने में शिक्षा विभाग महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसी उद्देश्य से बृहस्पतिवार को उन्होंने शिक्षा विभाग के निदेशक एवं उसके जिला पदाधिकारियों से संवाद किया।

**डॉ. रणबीर सिंह युवाओं से अपील की है कि प्रत्येक युवा को 'वोटर हेल्प लाइन ऐप डाउनलोड करनी चाहिए।**

डॉ सिंह ने कहा कि कोरोना महामारी के इस दौर में सोशल मीडिया जागरूकता फैलाने का एक सशक्त साधन बन गया है। अभी हाल ही में १८ साल की उम्र पूरी कर चुके युवाओं को मतदाता बनाने के लिए अगले महीने ६,७,२७ एवं २८ तारीख को राजधानी भर के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे। सीईओ ने इस अभियान को 'चलो वोटर बनें हम का नाम दिया है।

डॉ. सिंह ने सभी युवाओं से अपील की है कि प्रत्येक युवा को 'वोटर हेल्प लाइन ऐप डाउनलोड करनी चाहिए। जबकि दिव्यांग नागरिकों को अपने मोबाइल ऐप पर चुनावी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए 'पीडब्ल्यूडी ऐप को डाउन लोड करना चाहिए। मुख्य चुनाव अधिकारी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से छात्रों के माता-पिता, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के बीच जागरूकता फैलाने का निर्देश दिया जिससे कोई भी युवा मतदाता बनने से न छूटे। डॉ सिंह ने बृहस्पतिवार को शिक्षा विभाग के निदेशक हिमांशु गुप्ता समेत अन्य आला अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने शिक्षा विभाग से आगरूकता अभियान में सहयोग मांगा। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भी जागरूकता अभियान में सहयोग का आश्वासन दिया।

## एसबीआई जनरल इंश्योरेंस का गूगल पे से करार

रे.स.ब्यू./सूत्र। साधारण बीमा कंपनी एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने गूगल पे के साथ अपने तकनीकी सहयोग की घोषणा की। इस साझेदारी के बाद, यूजर, गूगल पे ऐप पर एसबीआई जनरल हेल्थ इंश्योरेंस को तीव्र और परेशानी से रहित तरीके से खरीदने में समर्थ होंगे। यह डिजिटल चैनलों के माध्यम से सामान्य बीमा समाधानों के अपने वितरण के लगातार विस्तार के एसबीआई जनरल के विचार के अनुरूप है।

किसी बीमा कंपनी के साथ गूगल पे का यह पहला गठजोड़ और यह गूगल पे स्पाट पर आन-द-गो ग्राहकों के लिये हेल्थ इंश्योरेंस आसानी से उपलब्ध कराएगा। बृहस्पतिवार से ही गूगल पे के यूजर स्पाट पर एसबीआई जनरल का हेल्थ इंश्योरेंस 'आरोग्य संजीवनी खरीद सकते हैं।

## ३३०० रेलकर्मियों की प्रोन्नति, ८०० को एमएसीपी

रे.स.ब्यू./सूत्र। मंडल रेल प्रबंधक मोहित चंद्रा की अध्यक्षता में सोमवार को प्रयागराज मंडल कार्यालय के संकल्प सभाकक्ष में एनसीआरएमयू की स्थाई वार्ता तंत्र की बैठक हुई। इसमें मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि औद्योगिक संबंधों को बेहतर बनाने के क्रम में एनसीआरएमयू का रेलवे प्रशासन को लगातार सहयोग मिल रहा है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज मंडल द्वारा जनवरी २०२१ से अब तक ३३०० रेलकर्मियों को प्रोन्नति, ८०० रेलकर्मियों को एमएसीपी, १६३ रेलकर्मियों को को सीधी भर्ती का लाभ दिया गया। कोविड के दौरान जिन ३६ रेलकर्मियों ने अपनी जान गंवाई थी, उनके भुगतानों को प्राथमिकता पर पूरा कराया गया। इस मौके पर रेलवे आवासों की मरम्मत, सफाई, रेलवे अस्पतालों में डाक्टरों को भर्ती और भत्ते का मुद्दा भी उठा।

एनसीआरएमयू के महामंत्री आरडी यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक/इंफ्रा अतुल गुप्ता, अपर मंडल रेल प्रबंधक/सामान्य अजीत कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## अब दिल्ली से कामाख्या तक दौड़ेगी इलेक्ट्रिक ट्रेन

रे.स.ब्यू./सूत्र। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन (कोर) ने नई दिल्ली से से कामाख्या स्टेशन तक विद्युतीकरण का काम पूरा कर लिया है। इसलिए अब इस रूट पर इलेक्ट्रिक इंजन की ट्रेन चलेगी। इस रूट पर अधिकतर ट्रैक पहले से इलेक्ट्रिक था। लेकिन श्रीरामपुर से न्यू बोंगाईगांव खंड तक बचा हुआ था। इसका विद्युतीकरण सात अक्टूबर से पूरा कर लिया गया है। इसलिए इस अब रूट पर चलने वाली ट्रेनें ब्रह्मपुत्र मेल, डिब्रूगढ़ राजधानी, आसाम एक्सप्रेस, कामाख्या नार्थईस्ट एक्सप्रेस, अगरतला तेजस एकसप्रेस आदि ट्रेनों के संचालन के लिए इंजन बदलने की जरूरत नहीं पडेगी।

## भारत किसी भी चुनौती से निपटने में सक्षम

रे.स.ब्यू./सूत्र। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत शांतिप्रिय देश है और वह किसी से टकराव मोल नहीं लेता लेकिन वह किसी भी चुनौती से निपटने में पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने यह चेतावनी चीन के नए सीमा भूमि कानून के संदर्भ में दी। चंडीगढ़ में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की प्रयोगशाला टीबीआरएल के दौरे के बाद वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, भारत हमेशा से शांतिप्रिय देश रहा है और किसी भी प्रकार के टकराव को आपनी ओर से शुरू करना हमारे मूल्यों के खिलाफ रहा है। इसके साथ ही यह भी उतना ही सही है कि यदि आवश्यकता होती है तो हमारा देश किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार सिंह ने कहा, अब्दुल कलाम जी कहा करते थे, इस दुनिया में भय का कोई स्थान नहीं है। एक शक्ति ही दूसरी शक्ति का सम्मान करती है। कलाम साहब डीआरडीओ के एक शीर्ष वैज्ञानिक थे और मैं समझता हूं हमारा देश पूरी तरह से उनके आदर्शो पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि बदलते समय, चुनौतियों और देशों के आपसी संबंधों में बदलाव के मद्देनजर सुरक्षा आयाम भी बदले हैं और ऐसें में हमे किसी भी परिस्थिति से निपटने की तैयारी करनी होगी। सिंह का बयान ऐसे वक्त आया है, जब भारत का चीन के साथ विवाद चल रहा है। दो दिन पहले ही चीन ने नया लैंड बार्डर कानून बनाकर नये विवाद को जन्म दिया है।

**पाठकों से**

आपको यह अंक कैसा लगा? इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते है। कृपया अपने सुझावों, आलोचनाओं से अवश्य ही अवगत करायें। आपके पत्रों का हमें इंतजार रहेगा। प्रधान सम्पादक

## पीएफसी के परियोजना निदेशक बने राजीव रंजन

रे.स.ब्यू./सूत्र। बिजली परियोजनाओं का वित्त पोषण करने वाली सरकारी क्षेत्र की कंपनी पावर फाइनेंस कार्पोरेशन (पीएफसी) ने राजीव रंजन झा को परियोजना निदेशक बनाया है। कंपनी को महारत्न सार्वजनिक उपक्रम का दर्जा प्राप्त है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि झा की पदोन्नति की गर्व है। वह इससे पहले कार्यकारी निदेशक के पद पर थे।

पीएफसी में आने से पहले झा राष्ट्रीय इस्पात निगम के विशाखापट्नम संयत्र में काम करते थे।

वहां वह आठ साल से अधिक समय रहे और वहां संयंत्र के खुद के कोयला आधारित विजली घर के परिचालन और रख रखाव को बड़ी सतर्कतापूर्वक देखते थे।

## युद्ध के नए क्षेत्र सिविल सोसाइटी में चले गए : डोभाल

रे.स.ब्यू./सूत्र।राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि युद्ध के नए क्षेत्र, क्षेत्रीय सीमाओं से सिविल सोसाइटी में चले गए है।

लोगों का स्वास्थ्य, उनके कल्याण एवं सुरक्षा की भावना और सरकार को लेकर उनकी धारणा जेसे कारक किसी राष्ट्र की इच्छा को प्रभावित करते हैं। 'पुणे इंटरनेशनल सेंटर' द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा पर आयोजित पुणे डायलॉग' २०२१ में 'आपदाओं और महामारियों' के युग में राष्ट्रीय सुरक्षा की तैयारियों के विषय पर डोभाल ने कहा, आपदाओं और महामारियों से अलग-थलग होकर नहीं निपटा जा सकता। डोभाल ने कहा, वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में हो रहे बदलावों से आप सभी अवगत हैं। देश के राजनीतिक और सैन्य उद्देश्यों को हासिल करने के लिए ऐसे युद्ध लगातार अधिक खर्चीले साबित हो रहें है।

## सिंधिया ने किया दिल्ली एयरपोर्ट का दौरा

रे.स.ब्यू./सूत्र। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 'डिजी यात्रा' तंत्र की प्रगति का निरीक्षण करने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट का दौरा किया। 'डिजी यात्रा' एक ऐसा तंत्र है जिससे यात्री बायोमीट्रिक प्रौद्योगिकी का उपयोग कर एयरपोर्ट परिसर में प्रवेश कर सकते हैं। मंत्री ने ट्विटर पर कहा, दिल्ली एयरपोर्ट का दौरा किया और 'डिजी यात्रा' की प्रगति का जायजा लिया, जो यात्रियों के एयरपोर्ट परिसर में प्रवेश से लेकर विमान में सवार होने तक की प्रक्रिया को डिजिटलीकृत बनाने के लिए एक दुरदेशी तंत्र है। यह डिजिटल इंडिया के प्रधानमंत्री के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक मील का पत्थर होगा। नागरिक उड्डयन मंत्रलय के महत्वाकांक्षी मिशन को आकार लेते देखकर खुशी हुइ।

## गरीब रथ ट्रेन थ्री एसी इकॉनामी बनकर चलेगी

रे.स.ब्यू./सूत्र। एक समय में कम किराये में वातानुकूलित श्रेणी में सफर के लिए गरीबों की सवारी बनी गरीब रथ ट्रेन फिर आम यात्रियों के लिए तेज रफ्तार की सौगात लेकर आने वाली है। अग सब कुछ मानक के अनुरूप फिट रहा तो गरीब रथ हाल ही में निर्मित अत्याधुनिक थ्री एसी इकॉनामी कोच से चलेगी। इसका आम यात्रियों को दोहरा लाभ मिलेगा। कम किराये में अत्याधुनिक थ्री एसी इकॉनामी कोच वाली गरीब रथ तेज रफ्तार से चलेगी। सरअसल रेल मंत्रालय ने करीब डेढ़ दशक पूर्व कम किराये में आम यात्रियों के लिए वातानुकूलित ट्रेन गरीब रथ ट्रेनों की शुरुआत की गयी थी। इन गरीब रथ ट्रेनों को चलाने के लिए विशेष तौर पर कोच तैयार किये गये थे। इस बीच अत्याधुनिक थ्री एसी इकॉनामी कोच को तैयार किया गया है। इसमें बर्थो की संख्या बढ़कर इसे भी आम यात्रियों के किराया अनुकूल बनाया गया है। सूत्रों के अनुसार रेलवे बोर्ड में इन थ्री एसी इकॉनामी कोच की ट्रेन बनाकर चलाने पर विचार किया जा रहा है। इसमें एक विचार यह भी किया जा रहा है कि गरीब रथ ट्रेन को थ्री एसी इकॉनामी कोच से चलाया जाएगा, क्योंकि यह अत्याधुनिक कोच ११० से १३० किलोमीटर की रफ्तार से चलाये जाने के लिए पूरी तरह से फिट हैं। इससे कम किराये में आम लोग कम समय में लंबी दूरी तय कर सकंगे। इस नजरिये से थ्री एसी इकॉनामी कोच और गरीब रथ कोच के रिये के अंतर, रूट और रफ्तार को लेकर आकलन किया जा रहा है। आकलन में यह सभी मानकों पर फिट रहती है तो गरीब रथ ट्रेन अत्याधुनिक थ्री एसी इकॉनामी कोच से चलायी जा सकती है। हालांकि यह भी विचार किया जा रहा है कि आम यात्रियों के लिए सामान्य थ्री एसी इकॉनामी ट्रेन के रूप चलायी जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा यात्री लंबी दूरी की यात्रा कम किराये में वातानुकूलित कोच में कर सकें। यह सब कुछ एक पखवाड़े में तय होने के आसार हैं।

## अब कर पाएंगे एमएसटी धारक भी मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों में सफर

रे.स.ब्यू./सूत्र। मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में भी मासिक सीजन टिकट (एमएसटी) धारकों को सफर करने की सुविधा मिलने वाली है। रेलवे बोर्ड ने प्रस्ताव मांगे हैं मुरादाबाद रेल मंडल में २२ ट्रेनों का प्रस्ताव भेजा है। माना जा रहा है कि छठ पूजा के पहले यह सुविधा मिल सकती है।

कोरोना संक्रमण कम होने के बावजूद रेलवे नियमित ट्रेनें फिलहाल नहीं चलाने जा रहा है लेकिन, यात्रियों की सुविधा के लिए पुरानी व्यवस्था धीरे-धीरे बहाल करना शुरू कर दिया है। वर्तमान में एक्सप्रेस व मेल ट्रेनों के जनरल बोगी में सफर करने वाले यात्रियों को आरक्षित टिकट लेनी पड़ती है। कुछ माह पहले कुछ पैसेंजर ट्रेनों का संचालन शुरू किया है, जिसमें अनारक्षित टिकट वाले यात्री सफर कर रहें हैं। एमएसटी धारकों की चलने की अनुमति की मांग जारी है।

## फ्री में दिल्लीवासियों को रामलला के दर्शन कराएंगे केजरीवाल

रे.स.ब्यू./सूत्र। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रामनगरी पहुंच भक्ति की धारा में डुबकी लगाते रहे। उन्होंने यहां घोषणा की कि अन्य तीर्थ स्थलों की भांति अब दिल्ली वासियों को निःशुल्क राम लला का भी दर्शन कराया जाए। प्रवास के दूसरे दिन मंगलवार को अरविंद केजरीवाल ने कहा कि रामलला का दर्शन मैने उनसे देशवासियों के मंगल का, कोरोना से मुक्ति का तथा सभी की सुख-समृद्धि और विकास का आशीर्वाद मांगा।

यहां पत्रकारों से बातचीत में केजरीवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना में यह हम दिल्लीवासियों को फ्री में तीर्थ यात्रा कराते हैं। इसमें वैष्णों देवी, शिर्डी साई मन्दिर, रामेश्वरम, द्वारिकापुरी, जगन्नाथपुरी, हरिद्वार, ऋषिकेश, मथुरा, वृंदावन आदि की तीर्थ यात्रा शामिल है। अब हम इसमें अयोध्या को भी शामिल करेंगे। इस योजना के तहत यात्रियों के आवागमन सहित आवास और भोजन की भी व्यवस्था दिल्ली सरकार करती है। उन्होंने यह घोषणा भी की कि उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार बनती है, तो सभी प्रदेशवासियों को रामलला का दर्शन कराने की निश्शुल्क व्यवस्था होगी। जिस तरह से मुझे रामलला के दर्शन का सौभाग्य मिला, मैं चाहता हूं कि यह सौभाग्य हर भारतवासी को प्राप्त हो।

### हमारे ग्राहक

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य-सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके उस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभीतक किसी को सफलता नहीं मिली।" महात्मा गांधी

## दिल्ली पुलिस उपनिरीक्षक के घर पर छापे में १.१२ करोड़ बरामद

रे.स.ब्यू./सूत्र। केंद्रीय जांच ब्यूरों (सीबीआई) ने रिश्वतखोरी के मामले में गिरफ्तार दिल्ली पुलिस उपनिरीक्षक के आवास पर छापे के दौरान १.१२ करोड़ रूपए नकद बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि मैदान गढ़ी थाने में तैनात भोजराज सिंह को बुधवार को ५० हजार रुपए की कथित रूप से रिश्वत लेते पकड़ा गया था। अधिकारियों ने कहा कि उनकी कार की तलाशी के दौरान, सीबीआई ने ५.४७ लाख रुपए से अधिक नकद बरामद किया, जबकि उनके आवास पर तलाशी के दौरान १.०७ करोड़ रुपए नकद बरामद किए गए। सीबीआई प्रवक्ता आरसी जोशी ने बताया, मैदान गढ़ी पुलिस स्टेशन के उप-निरीक्षक के खिलाफ शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया था जिसमें यह आरोप लगाया गया था कि उसने शिकायतकर्ता और उसके दोस्त को पुलिस स्टेशन में दर्ज मामले में सहयोग करने और जमानत याचिकाओं का विरोध नहीं करने के लिए शुरू में पांच लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी और बाद में गत २७ अक्टूबर को कम से कम दो लाख रुपए देने को कहा था।

अधिकारियों ने बताया कि आरोपो की पुष्टि के बाद सीबीआई ने जाल बिछाया और कथित तौर पर रिश्वत लेते हुए सिंह को गिरफ्तार कर लिया। जोशी ने कहा, गिरफ्तार आरोपी को गुरुवार को दिल्ली की संबंधित अदालत में पेश किया जाएगा।

## महापौर ने बसई दारापुर क्षेत्र का किया निरीक्षण

रे.स.ब्यू./सूत्र। महापौर मुकेश सूर्यान ने बृहस्पतिवार को अतिरिक्त आयुक्त रमेश वर्मा के साथ राजा गार्डन वार्ड के बसई दारापुर क्षेत्र का निरीक्षण कर, निगम द्वारा प्रदान की जा रही जनसुविधाओं का जायजा लिया।

इस अवसर पर पश्चिमी जोनकी अध्यक्षता श्वेता सैनी, क्षेत्रीय पार्षद सुषमा चोपड़ा, प्रमुख अभियंता पी.सी.मीणा व निगम के अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित थे। महापौर ने बसई दारापुर क्षेत्र में जाकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और निर्देश किए कि विशेष रूप से छोटी गलियों व डलाव घरों की साफ-सफाई की जाए।

त्योहारों के समय क्षेत्र में बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। महापौर ने बसई दारापुर वार्ड के प्राथमिक विद्यालयों का दौरा किया और यह सुनिश्चित किया कि विद्यालय खुलने से पहले सभी प्रकार तैयारियां पूरी कर ली गई है।

## कोविड से जान गंवाने वालों के परिजनों को मिलेंगे ५० हजार

प्रयागराज। जिले के १०८७ लोगों को कोविड-१६ के वजह से जान गंवाने पर उनके परिजनों को ५० हजार रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। कलक्ट्रेट परिसर में इसके लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां पात्रों को आवेदन करना होगा। एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदंबा सिंह के अनुसार कोविड संक्रमण की वजह से १८ अक्तूबर तक प्रदेश में २२,८६८ लोगों की मृत्यु हुई है और प्रयागराज में मृतकों की संख्या १०८७ है। बता दें कि अनुग्रह राशि देने के लिए बजट जारी हो चुका है। इनके अतिरिक्त पंचायत चुनाव ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले कर्मचारियों के परिजनों को ३० लाख तथा कोविड-१६ की रोकथाम में लगे कार्मिकों के निधन पर आश्रितों को ५० लाख रुपये दिए जा चुके हैं। वहीं पात्रों के चयन के लिए एडीएम वित्त एवं राजस्व, सीएमओ, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं विशेषज्ञों की कमेटी भी बनाई गई है।

## टिकट दलालों के खिलाफ चला चेकिंग अभियान

बिलासपुर : दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त के निर्देश पर तीनों मंडलों में एक साथ अवैध टिकट दलालों के विरुद्ध सघन अभियान दिनांक ०४.१०.२०२१ एवं ०५.१०.२०२१ को चलाकर उचित कानूनी कार्यवाही की गयी। अवैध टिकट दलाल अलग अलग व्यक्तिगत आई.डी. बनाकर उसका दुरुउपयोग करते हुए आई.आर.सी.टी.सी. के पोर्टल पर टिकट बनाकर अतिरिक्त लाभ लेकर तत्काल प्रिमियम एवं अन्य रिर्जवेशन टिकट बेचते है जो कि धारा १४३ रेलवे अधिनियम के तहत् दंडनीय अपराध है। यात्रा किए गये कुल ३,३५,६२४.६६/- रू के मूल्य टिकट भी जब्त किया गया।

## तटीय सुरक्षा को अभेद्य बनाएंगे : शाह



रे.स.ब्यू./सूत्र। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार देश की तटीय सुरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। श्री शाह ने बृहस्पतिवार को तटीय सुरक्षा के बारे में गृह मंत्रालय की सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता के बाद यह बात कही। उनहोंने ट्वीट कर कहा, आज कंसल्टेटिव कमेटी की बैठक में तटीय सुरक्षा पर चर्चा हुई, सभी सदस्यों ने इसे और सुदृढ़ बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी जी के नेतृत्व में हम, सभी राज्यों वे अन्य हितधारकों के बीच समन्वय स्थापित कर तकनीकी के उपयोग से तटीय सुरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए प्रयासरत हैं। बैठक में गृह मंत्रालय, तटरक्षक और अन्य संबंधित एजेन्सियों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, अजय मिश्रा और गृह सचिव अजय कुमार भल्ला भी मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया अमित खरे को अपना सलाहकार नियुक्त



रे.स.ब्यू./सूत्र। उच्च शिक्षा सचिव रहे अमित खरे को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सलाहकार नियुक्त किया गया है। बतादें कि सलाहकार के रूप में उनका कार्यकाल दो वर्ष का होगा। कार्मिक मंत्रालय की तरफ से मंगलवार को जारी आदेश के मुताबिक अमित खरे की नियुक्ति संविदा पर हुई है। १९८५ बैच के झारखंड कैडर के आईएएस अधिकारी अमित खरे ३० सितंबर को सेवानिवृत्त हुए थे। वह सूचना एंव प्रौद्योगिकी सचिव भी रह चुके हैं। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने पीएम के सलाहकार के पद पर खरे को नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। यह पद भारत सरकार में सचिव के पद के बराबर होगा और उसी ग्रेड के हिसाब से वेतन मिलेगा। आदेश के मुताबिक संविदा के आधार पर खरे की नियुक्ति प्रारंभिक तौर पर दो साल के लिए हुई है।

## स्वास्थ्य विभाग को मिले २३ फोरेंसिक विशेषज्ञ

रे.स.ब्यू./सूत्र.चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा विभाग के तहत एलोपैथिक चिकित्साधिकारी, श्रेणी-२ (लेवल-२) फोरेंसिक विशेषज्ञ के ७५ पदों का अंतिम चयन परिणाम उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने बृहस्पतिवार दि.२८.१०.२०२१ को जारी कर दिया। हालांकि आयोग ने २५ पदों पर ही अभ्यर्थियों को चयनित घोषित किया है। वहीं अभ्यर्थी उपलब्ध न होने के कारण ५२ पद खाली रह गए।

## अनिल भारद्वाज बने प्रदेश कांग्रेस कम्युनिकेशन विभाग के अध्यक्ष

रे.स.ब्यू./सूत्र। नई दिल्ली (एसएनबी) कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने जारी आदेश में अनिल भारद्वारा को प्रदेश कांग्रेस कम्यूनिकेशन विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। परवेज आलम व अनुज अत्रे को उपाध्यक्ष नियुकत किया है जबकि हरदीप माथुर व भूपेश यादव को कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। पूर्व मंत्री हारून युसूफ को वरिष्ठ प्रवक्ता बनाया गया है।

कुल छह वरिष्ठ प्रवक्ता नियुक्त किए गए हैं जिसके तहत हरिशंकर गुप्ता, अलका लांबा, मुकेश गोयल, आदर्श शास्त्री, जगजीवन शर्मा व डा. नरेश कुमार को भी वरिष्ठ प्रवक्ता बनाया गया है।

पांच प्रवक्ता भी नियुक्त किए गए हैं जिनमें ओनिका महरोत्रा, सुनील कुमार, अनुज अत्रे, लोकेन्द्र चौधरी व विक्रम लोहिया शामिल हैं।

**राष्ट्रभाषा किसी व्यक्ति या प्रांत की संपत्ति नहीं है, इस पर सारे देश का अधिकार है।**

**सरदार वल्लभ भाई पटेल**

## सपा सरकार में हिंदुओं पर चलती थीं गोलियां-सीएम योगी



रे.स.ब्यू./सूत्र। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि २०२२ में प्रदेश में भाजपा की सरकार बरकरार रही तो कोई प्रदेश में दंगा करने, गरीब, किसान या व्यापारी की संपत्ति पर कब्जा का दुस्साहस नहीं करेगा। उन्होने कहा कि ऐसा दुस्साहस यदि किसी ने किया तो सरकार का बुलडोजर उसकी छाती पर चलेगा। अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुएं उन्होंने कहा कि सपा शासन में आतंकियों के मुकदमे वापस होते थे और हिंदुओं पर झूठे मुकदमे दर्ज होते थे। शुक्रवार दिनांक २२.१०.२०२१ को अलीगंज स्थित पंचायतीराज भवन में आयोजित भाजपा के सामाजिक प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।



रेल भवन नई दिल्ली में दिनांक को २७.१०.२०२१ को रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एव सी.ई.ओ सुनीत शर्मा को दीपावली की शुभकामनाएं देते रेल समाचार ब्यूरो के प्रधान संपादक ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, साथ मे हैं अखिल भारतीय घुमंतू संघटन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विभीषण जाधव।

### पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशि:

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

**प्रबंध संपादक**
रेल समाचार ब्यूरो कैंप कार्यालय-८४३६ आर्य नगर पहाड़गंज दिल्ली-५५

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा**

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. 329/255, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 502 पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-211003 से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.51097-90 पोस्ट ए.डी-8
मो. 9793956044,9935224867
फोन नं.-0532-2418040



**01684/01683 आनन्द विहार (ट.) – पटना "गति शक्ति विशेष" आरक्षित सुपरफास्ट त्योहार विशेष एक्सप्रेस**

**आनन्द विहार (ट.) से –** 01684, दिनांक 29.10.21, 31.10.21, 02.11.21, 05.11.21 एवं 07.11.21

**पटना से –** 01683, दिनांक 30.10.21, 01.11.21, 03.11.21, 06.11.21 एवं 08.11.21

**गाड़ी संरचना –** एसी इकॉनमी कोच - २०, एसएलआर - ०२ = २२

**समय एवं ठहराव**

| 01684 आनन्द विहार (ट.) से | | स्टेशन | 01683 पटना से | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| - | 2310 | आनन्द विहार (ट.) | 0950 | - |
| 0555 | 0600 | कानपुर सेंट्रल | 0300 | 0305 |
| 0905 | 0910 | प्रयागराज | 0005 | 0010 |
| वाया प्रयागराज रामबाग-बनारस | | | | |
| 1155 | 1205 | वाराणसी | 2110 | 2120 |
| 1255 | 1305 | पं. दीन दयाल उपाध्याय | 2015 | 2025 |
| 1515 | 1520 | दानापुर | 1805 | 1810 |
| 1545 | - | पटना | - | 1745 |

उत्तर मध्य रेलवे
गतिशीलता ही हमारी पहचान

1169/21 (R) North Central Railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRO NCR